






हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 8 • अंक 111 • सितम्बर- 2014 • मूल्य : 150/- वार्षिक




## श्री भगवानसिंह परिहार
## के 86वें जन्मोत्सव
### की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**श्री** जिनके संग चलती, हृदय में करूणा का भान होता है
ऐसे मानवता के मसीहा से ही, मनुष्यता का सम्मान होता है

**भ** भरोसा बने दीन हीन के दिया सम्बल लाचार को।
कौन भुला सकता है, इस महात्मा के उपकार को॥

**ग** गरीबों को सेवा हेतु नेत्र चिकित्सा शिविर लगवाएं।
जन–जन में किया शिक्षा का प्रचार ज्ञान के दीप जलाए॥

**वा** वाटिका शिशुओं को खोलकर, अनूठा प्रयोग किया।
ममता विहिन बचपन को, आपार वात्सल्य दिया॥

**न** नवजीवन संस्थान कहती आपकी कहानी है।
इस धरती पर देवतुल्य हुआ कोई प्राणी है॥

**सिं** सिंह की भांति कर्म पथ पर बढ़ते गए।
मानव उपकार की मिसालें गढ़ते गए॥

**ह** हर निःशक्त के लिए बने एक मजबूत सहारा।
वृद्धों हेतु बनाया, वरिष्ठ नागरिक सदन प्यारा॥

**प** पर पीड़ा को ही जानी सदैव अपनी पीड़ा।
निर्बल को सम्बल देने का उठाया आपने बीड़ा॥

**रि** रिक्त नहीं होने दिया मानवता को इस धरा से।
आप सच्चे लाल है इस पावन मरूधरा के॥

**हा** हाथ में लिया जो काम, उसको पूरा कर दिखलाया।
नशा नाश का घर है, जन–जन को यह समझाया॥

**र** रग–रग आपकी जैसे परमार्थ के गीत गाती है।
आप जैसे भूमिपूत्रों से ही गौरान्वित मरूधरा की थाती है॥




पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने किया रक्तदान शिविर के बैनर का विमोचन

ममता विहिन बचपन को, आपार वात्सल्य प्रदान करने एवं निर्बल
को सम्बल देने ,पर पीड़ा को ही अपनी पीड़ा मानने वाले,

**मानवता के मसीहा मारवाड़ के समाज रत्न**



# श्री भगवानसिंह परिहार

(जिनके सपनों में खिलता है बचपन)

## के 86वें जन्मोत्सव



**पर विशाल रक्तदान शिविर में**
**आप सादर आमन्त्रित है।**

GIVE BLOOD
GIVE LIFE

दिनांक : रविवार, 12 अक्टूबर, 2014 प्रात 9.00 बजे से

स्थान : लवकुश शिशु गृह, 16 / 558, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर

आयोजक : माली सैनी सन्देश एवं सत्पत् सोसायटी

मो. : 94144 75464 / 94617 58158 / 98290 27447 / 93511 29147

RAJHIN 16445/20/1/2013-TC

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 8 ● अंक 111 ● सितम्बर - 2014 ● मूल्य : 150/- वार्षिक

**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )
( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
( पूर्व पार्षद )

**प्रेस फोटोग्राफर**
**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**
**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**
**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

### आवरण कथा

**श्रद्धा पूर्वक मनाई संत श्री लिखमीदास जी महाराज की पुण्यतिथि, रक्तदान शिविर आयोजित**



**आपसी भाईचारे व सहयोग से ही आगे बढ़ता है समाज : सांसद**

पूर्व विधायक व पालिका अध्यक्ष रामेश्वरलाल सैनी का निधन
आरपीएससी के अध्यक्ष बने डॉ आर.डी. सैनी
सुश्री रागिनी ने राज्य स्तर पर समाज को किया गौरवान्वित
आपसी भाईचारे व सहयोग से ही आगे बढ़ता है समाज : सांसद
नागौर की नीता गहलोत ने ओबीसी महिला में प्रदेश में प्रथम
अजमेर माली समाज की प्रतिभाओं को सम्मान से नवाजा
महात्मा फूले सामाजिक शिक्षण संस्थान की आमसभा संपन्न
सैनी समाज कल्याण संस्थान, झुंझुनूं का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न
मरूधरा के ''प्रभु''
शिक्षा से ही होगा समाज का विकास: सैनी
निखिल गहलोत ने किया देश का प्रतिनिधित्व
डॉ. महेन्द्र तंवर बने पशुपालन विश्वविद्यालय में एसिस्टेण्ट प्रोफेसर
स्व. बैजनाथ पंवार को दी श्रद्धांजलि
सैनी समाज सेवा समिति रामगढ शेखावाटी का प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न
समाज की शिक्षिका कमला माली का शिक्षक दिवस पर सम्मान
गोयली में वृक्षारोपण
श्री बुधसिंह सैनी का भोपाल में हुआ सम्मान
समाज की प्रयास स्मारिका का विमोचन
विविध समाचार

# सम्पादक की कलम से ...



प्रेम में मांगा कुछ नहीं जाता प्रेम में दिया जाता है और परमात्मा से प्रेम तो एक तरफा प्रेम होता है। एक बार की बात है, एक आदमी मरकर नरक चला गया उसने देखा कि नरक में कोई आग बाग नहीं है। उसने कहा कि मध्य लोक में पोंगा पंडितों ने बड़ी दुकानदारी चला रखी हैं, मंदिरों में बैठकर दुनिया को मूर्ख बनाते है कि स्वर्ग में अमृत बरसता है तथा नरक में आग बरसती है। बड़े बड़े कड़ाहे उबलते हैं तेल के। खून की नदियाँ बहती है। लोहे के गर्म गर्म खंभों से चिपकाया जाता है। यहाँ तो ऐसा कुछ भी नहीं है, न आग है और न कड़ाही है। बहुत मूर्ख बनाया पंडितों ने, नरकों के बड़े बड़े नक्शे टांग दिये मंदिरों में। साधू संतों ने भी खूब लोगों को डराया है। खूब दुकान चलाई अपनी यहाँ तो कोई आग नहीं जल रही है।

लाखों करोड़ों का मैंने नरक के डर से दान कर दिया , फिर भी नर्क आ गया। कहाँ है यहाँ आग। इतने में नरक से आवाज आई कि भाई यहाँ कोई आग नहीं जलती और ना ही यहाँ पेट्रोल और माचिस है जिससे जलाया जा सके। यहाँ आने वाला प्रत्येक व्यक्ति अपनी अपनी आग स्वयं अपने साथ लाता है। और तुम यहाँ जिस आग में जलोगे, वो आग जलती हुई नहीं मिलेगी और ना ही दूसरों के द्वारा जलाई जायेगी।

वह आग तो हमारे द्वारा पैदा होगी और वह आग है ईर्ष्या की आग, द्वेष की आग, छल कपट की, बेईमानी की आग, जो तुम अपने साथ लेकर आये हो, अब जलते रहो अपनी लगाई हुई आग में। ये आग वो आग है जो नरकों में ही जले जरूरी नहीं। इस आग में हम आज भी अपने घरों में जल रहे हैं। ये ईर्ष्या व द्वेष की आग में हम आज अपने घर से लगाना शुरू करते हैं और वह इतनी प्रचंड हो जाती हैं कि हमारा परिवार ही नहीं समाज, राष्ट्र, धर्म सभी जल कर खाक हो जाते हैं ईर्ष्या और द्वेष की यह आग तुम्हारे घर में नरक का निर्माण करती है। और जब कभी तुम मंदिर या सत्संग में चले जाते हो, तो थोड़ी देर के लिये नरक कुण्ड से निकलकर स्वर्ग में पहुंच जाते हो। जहाँ ईर्ष्या व द्वेष नहीं होता, प्रेम रूपी अमृत का झरना बहता है।


*''बैर की भावनाओं का संहार कर,*
*मित्रता के लिये मित्रवत् प्यार कर।*
*चाहता है अगर तू सरल जिंदगी,*
*तो सरल से सरल अपना व्यवहार कर।।*

**जय माली सैनी समाज**

## प्रेम जीवन का महामंत्र ....



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक



82 वर्षीय पालिकाध्यक्ष रामेश्वरलालसैनी इससे पहले भी 1952 से 1972 तक लगातार तीन बार नगरपालिका अध्यक्ष रह चुके थे। 26 अगस्त 2010 को वे चौथी बार पालिकाध्यक्ष बने। इससे पूर्व 1972 में कांग्रेस की टिकट पर विधायक चुने गए। 1992 से 1997 तक वे उदयपुरवाटी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे।

### बेटी ने दी मुखाग्नि

# पूर्व विधायक व पालिका अध्यक्ष रामेश्वरलाल सैनी का निधन

## शोक में बाजार बंद रहे

उपयपुरवाटी। माली समाज के वरिष्ठ राजनेता एवं समाजसेवी श्री रामेश्वरलाल सैनी का आकस्मिक निधन रविवार 14 सितम्बर को हो गया।पूर्व विधायक व नगर पालिका के मौजूदा अध्यक्ष रामेश्वरलाल सैनी नवंबर 1970 से 21 अगस्त 1972 तक नगर पालिका मंडल उदयपुरवाटी के चेयरमैन रहे। वे वर्तमान में पालिकाध्यक्ष थे। रविवार सुबह 6 बजे उनका निधन हो गया। 83 वर्षाय सैनी 10 दिन से जयपुर के एसआर कल्ला अस्पताल में भर्ती थे। अंतिम संस्कार उनके कृषि फॉर्म पर किया गया। इकलौती बेटी मीनू सैनी ने कंधा व मुखाग्नि दी। उनके सम्मान में कस्बे के बाजार बंद रहे। श्री सैनी के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि समाज व राजनीति में एक सच्चे लोह पुरूष की कमी हो गई उनका मार्गदर्शन अब हमें नहीं मिल पायेगा। पालिकाध्यक्ष श्री रामेश्वर लाल सैनी की फूलों से सजी गाड़ी में अंतिम यात्रा निकाली गई। कुछ देर के लिए शव नगर पालिका में रखा गया। जहां तहसीलदार पालचंद भाकर, ईओ अनिता खीचड़, एईएन मूलचंद सैनी, प्रहलाद गुर्जर, प्रभुदयाल सैनी, गुलाम हुसैन आदि जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व गणमान्य लोगों ने पुष्प चढ़ाए।

**अंतिम संस्कार में उमड़ा जन सैलाब :-**विधायक शुभकरण चौधरी, पूर्व मंत्री राजेन्द्रसिंह गुढा, पूर्व विधायक मदनलाल सैनी, प्रधान भगवानाराम सैनी, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. दशरथसिंह शेखावत, असगर पहाड़ियान, भाजपा नेता यतेंद्र सैनी, एडवोकेट रामनिवास सैनी, जगदीश सैनी नवलगढ़, बंशीधर सैनी, पूर्व जिला प्रमुख मदनसिंह गिल, जिला उपप्रमुख विद्याधरसिंह गिल, शीशराम राजोरिया, सर्व समाज के नेता जग्गू पुरोहित, अब्दुल अजीज कच्छावा, पार्षद बाबूभाई बारूदगर, बनवारीवाल सैनी, छोटूसिंह शेखावत, विजेंद्रसिंह इंद्रपुरा, करणीराम सैनी, एडवोकेट हरलाल सैनी, शिवकरण सैनी सहित बड़ी संख्या में लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

# आरपीएससी के अध्यक्ष बने डॉ आर.डी. सैनी



जयपुर। राज्य सरकार ने आरपीएससी के वरिष्ठ सदस्य डॉ. आर. डी. सैनी को आरपीएससी का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री सैनी ने बुधवार दिनांक 24 सितम्बर, 2014 को कार्यभार ग्रहण किया है। उन्होंने कामकाज संभालने के बाद पत्रकारों से कहा कि परीक्षा को भी युद्ध और आमचुनाव की तरह गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुीाव व इतिहास से ही सीखा जा सकता है। परीक्षा आयोजन का जिम्मा जिला प्रशासन का होता है। परीक्षा के दौरान कई बार कानून व्यवस्था संबधी चूक प्रशासन की ढ़िलाई से हो जाती है लेकिन सवाल आयोग पर उठने लगते है। आयोग की छवि सुधारना ही पहली प्राथमिकता होगी। चुनोतियां कांटो का ताज नहीं होती। प्रदेश के विद्यार्थियों को यह विश्वास रखना होगा कि आयोग उनकी आकांक्षा व कामना के अनुसार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक अभ्यर्थी का आयोग के प्रति विश्वास बहाल करने कीपूरी कोशिश की जाएगी। अभ्यार्थयों की भावनाओं के अनुरूप आयोग कार्य करेगा। सैनी ने कहा कि कई बड़े आयोजनों में कमियां रह सकती है। छोटी मोटी बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। आरएएस प्री परीक्षा की गड़बड़ियां तो आयोग ने स्वयं पहल कर उजागर की थी। अजमेर निवासी आर. डी. सैनी का जन्म 13 अप्रेल, 1957 को हुआ था। आपने हिन्दी में एम. ए. एवं पी.एच.डी. की डीग्री प्राप्त की है। आप इससे पूर्व डॉयरेक्टर हिन्दी ग्रंथ अकादमीजयपुर के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे थे। माली सैनी संदेश परिवार डॉ. सैनी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता है। इसके अलवा समाज की अनेकों संस्थाओं एवं सामाजिक एवं राजनीतिज्ञ पदों पर आसीन पदाधिकारियों ने डॉ सैनी की नियुक्ति पर हार्दिक बधाई प्रेषित की है।

# सुश्री रागिनी ने राज्य स्तर पर समाज को किया गौरवान्वित



जोधपुर। आरपीएमटी 2014 की परीक्षा में समाज की युवा प्रतिभाशाली छात्रा सुश्री रागिनी सोलंकी ने राज्य स्तर पर सामान्य वर्ग में 25वां तथा ओबीसी में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परियय दिया। सुश्री रागिनी की इस उपलब्धि पर समाज की विभिन्न संस्थाओं ने हार्दिक बधाई प्रेषित की। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के मैनेजर श्री देवेन्द गहलोत एवं श्रीमती सीमा गहलोत की सुपुत्री सुश्री रागिनी इसका श्रैय कठिन परिश्रम एवं अपने गुरूजनों तथा परिजनों के मार्गदर्शन को देती है। उनके भाई श्री मोनित गहलोत भी आई.आई टी. खड़गपुर में अध्ययनरत है।

रागिनी की इस उपलब्धि पर उनके नाना -नानी श्रीमती इंदू एवं श्री प्रताप सिंह सोलंकी ने भी बधाई प्रेषित की है। समाज की प्रतिभाशाली छात्रा सुश्री रागिनी को माली सैनी संदेश परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की मंगल कामना। इसी तरह रागिनी भविष्य में भी अपनी प्रतिभा से समाज एवं देश का नाम गौरवान्वित करती रहेगी ऐसी हमारी इस होनहार छात्रा से आशा है।

### श्रद्धा पूर्वक मनाई संत श्री लिखमीदास जी महाराज की पुण्यतिथि, रक्तदान शिविर आयोजित

# आपसी भाईचारे व सहयोग से ही आगे बढ़ता है समाज : सांसद

अमरपुरा में संत लिखमीदास महाराज की 184वीं पुण्यतिथी रविवार को श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। संत की समाधि स्थल के पास समारोह में मुख्य अतिथि सांसद सीआर चौधरी एवं कार्यक्रम अध्यक्ष कलक्टर वीणा प्रधान मौजूद थे। कार्यक्रम का प्रारंभ महाआरती के साथ शुरू हुआ। महाआरती में बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

संत लिखमीदास महाराज की पुण्यतिथि पर महाराज के स्मारक विकास संस्थान के तत्वावधान में रक्तदान शिविर के दौरन सांसद व कलक्टर ने स्वैचिछक रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया। जेडीए जोधपुर के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सोलंकी, पुलिस अधीक्षक लक्ष्मण गौड़, एसीईओ शैलेन्द्र देवड़ा, सभापति बिरदीचंद सांखला, नागौर अरबन बैंक अध्यक्ष कृपाराम सोलंकी, माली समाज अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। सांसद चौधरी ने कहा कि सभी समाजों में आपसी भाईचारे व सहयोग से ही देश व समाज का काम आगे बढ़ता है। यही संदेश महापुरूषों में अपने जीवन चरित्र के द्वारा दिया है।

आपसी भाइचारे..........

हमें महाराज की जीवन प्रसंगों से सीख लेकर समाज हितार्थ समर्पण काम करना चाहिए। कलक्टर डॉ. वीणा प्रधान ने कहा कि विकास के मुद्दे पर प्रशासन जनता के हमेशा साथ है। संस्थान अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्री राजेंद्र गहलोत ने कहा कि संत लिखमीदास महाराज का स्मारक कार्य बहुआयामी स्तर पर चल रहा है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्री मोतीलाल सांखला, सचिव श्री नरेन्द्र सिंह कच्छावा, जेडीए के पूर्व चेयरमेन श्री राजेन्द्र सिंह सोलंकी ने भी विचार व्यक्त किए।

रक्तदान शिविर में उमड़े युवा : - इस मौके पर रक्तदान शिविर मे 65 युवाओं ने रक्तदान किया। ब्लड बैंक प्रभारी डाक्टर सुनीत आर्य के नेतृत्व में रामपाल गहलोत, धर्मवीर सिंह, रामकन्या मणिहार, चन्द्र मोहन, मोहम्मद अली व तेजाराम ने सहयोग किया। कार्यक्रम में नथमल गहलोत, मोहनराम धुंधवाल, भाजपा जिला महामंत्री जगबीर छाबा, जीवनमल भाटी, सहसचिव मनोहरलाल परिहार, हीरालाल भाटी, कमल भाटी, महेन्द्र भाटी, सत्यनारायण कच्छावा जायला, नावां माली समाज अध्यक्ष मेघाराम सैनी सहित लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ली। रात्रि में भक्ति संध्या का आयोजन रखा गया। इसमें स्थानीय कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी।







# नागौर की नीता गहलोत ने ओबीसी महिला में प्रदेश में प्रथम



नागौर। द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती (हिन्दी) परीक्षा में हिन्दी विषय में ओबीसी महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर समाज को गौरवान्वित किया। सुश्री नीता गहलोत ने संपूर्ण ओबीसी मेरिट में राज्य में चौाि स्थान प्राप्त किया हैं

श्री ताराचंद गहलोत की पुत्री नीता गहलोत की इस उपलब्धि पर परिजनों ने खुशी जताई है। इसके साथ ही समाज के विभिन्न संस्थाओं ने भी नीता की इस उपलब्धि पर उसे हार्दिक बधाई प्रेषित की है। नीता वर्तमान में बासनी राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल में तृतीय श्रेणी शिक्षिका है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय परिवार एवं गुरूजनों को दिया है।

माली सैनी संदेश परिवार सुश्री नीता को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता है तथा परिजनों को साधुवाद की उनहोंने अपनी पुत्री को इस सफलता के लिए प्रेरित किया। सुश्री नीता भविष्य में भी इस सफलता को निरंतर बनाई रखेगी यही हमारी मंगल कामना है।

# अजमेर माली समाज की प्रतिभाओं को सम्मान से नवाजा








अजमेर। जिनके हौंसले हो बुलंद तो कामयाबी उनके चरण चूमती है। अगर दिल में हो कुछ पाने की तम्मना तो मंजिल उसे निश्चित ही हालिस होती है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुवे भविष्य की छोटी-छोटी कोयले व नई पौध को सुनहरे भविष्य के सपने देखने तथा उनके होसलों की उड़ान को पंख लगाने के लिए ''मंच'' की अजमेर माली समाज को आवश्यकता पूरी की माली (सैनी) संस्थान अजमेर ने।

इसी कुडी में उत्साहित युवा वर्ग ने अपना पहला कदम उठाया है, दिनांक 07 सितम्बर 14, रविवार को आंनद पैलेस, गुलाबबाड़ी अजमेर में माली (सैनी) संस्थान, अजमेर ने वर्ष 2014 में सैकण्डरी व सी. सैकण्डरी के 75 विद्यार्थी मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।

इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि श्री सुनील परिहार थे और कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री धमेन्द्र गहलोत ने की। इसके अलावा विशिष्ट अतिथगण में डॉ. सर्वेश्वर पालदिया, डा.जी.एल वर्मा, श्री औंकारराम कच्छवाह (अध्यक्ष, पुष्कर धर्मशाला), श्री प्रमोद सांखला (ब्यावर), श्री राम प्रसाद तंवर (नागौर), श्री मदनलाल जी सैनी (जयपुर) थे।




समारोह प्रारम्भ होने से पूर्व मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया फिर महात्मा ज्योतिराव फूले व माँ सावित्री वाई फूले के चित्र पर माल्यार्पण किया। हमारी भारतीय परम्परा के अनुसार सभी अतिथियों का माली (सैनी) संस्थान अजमेर के संस्था के पदाधिकारियों द्वारा साफा पहनाकर फिर फूल मालाओं द्वारा स्वागत, अभिनंदन किया गया। माली (सैनी) संस्थान, अजमेर के अध्यक्ष राजेश भाटी ने संस्था के उद्देश्य और आगामी योजनाओं से परिचय करवाया। दसवीं कक्षा में मैरिट होल्डर छात्रा आकांश टांक (केकड़ी) का स्वागत और सम्मान किया इसके अलावा बाहरवीं साईस में मनीष चौहान जय जादम, दुष्यंत मारोठिया, भाग्य श्री चौहान का सम्मान हुआ इसी तरह कोमर्स मोनिका सैनी और आर्ट्स में प्रिया सैनी का सम्मान हुआ।

समारोह में वर्ष 2014 में अतिविशिष्ट सम्मान भी किया गया जिसमें निशिल सैनी ने फुटबाल में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया, विनिता सांखला ने स्काउट एवं गईड में भारत का प्रतिनिधित्व कर श्रीलंका गई, और अखिल सिसोदिया ने छण्क्ण। का प्रतिक्षण प्राप्त किया।

माली (सैनी) संस्थान, अजमेर ने छात्र-छात्रओं को आत्मविश्वास बढ़ाकर उनकी हौसला अफजाई में अभी संपन्न दुये छात्रसंघ चुनाव में पुष्कर राजकिय महाविद्यालय में चुने गये उपाध्यक्ष रिद्दी करण दग्दी तथा सावित्री महाविद्यालय में महासचिव पद पर चुनी गई विनिता टांक को भी सम्मानित किया गया। मंच को संचालित करने हेतु अपनी मधुर वाणी से सारे कार्यक्रम को एक सूत्र में बाधने का कार्य डॉ. जितेन्द्र मारोठिया और धर्मेन्द्र चौहान ने किया। मुख्य अतिथि सुनील परिहार ने कहा कि समाज से बड़ा कोई नहीं है। समाज की मुख्य धारा से जुड़कर ही व्यक्ति आगे बढ़ सकता हैं। उन्होंने इस अवसर पर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की जरूरत बतायी। कार्यक्रम अध्यक्ष धर्मेन्द्र गहलोत ने कहा कि समाज की प्रतिभाओं को उचित मंच मिलना जरूरी है तव ही वे जाकर तरक्की की राह पर आगे बढ़ेगें। डॉ. सर्वेश्वर पालडिया ने अपने आशीर्वाद भाषण में कहा कि अजमेर माली समाज की सभी संस्थाऐं एक साथ मिल कर कार्य करने चाहिए। इस कार्यक्रम में माली (सैनी) संस्थान, अजमेर के अध्यक्ष ने धन्यवाद और आभार प्रकट किया। इस संस्था के अन्य प्रधाधिकारीयों में सचिव विरेन्द्र चौहान, कोषाध्यक्ष अरविन्द सिसोदिया, सहसचिव प्रीतम भाटी, महासचिव सुनील मालाकार किशोर भाटी, महेश तंवर, मुकेश अजमेरा, डॉ. योगेन्द्र सैनी, शेर सिंह सिसोदिया, महेश टांक, राजेश गढ़वाल, शक्ति सिंह दग्दी, रोशन सिसोदिया, धर्मेन्द्र टांक, ओम प्रकाश टांक, प्रदीप कच्छावा, सुनील गहलोत, अशोक तंवर, पवन भाटी, दिनेश सांखला इत्यादि उपस्थित थे।

विद्यार्थी सम्मान समारोह मे ब्यावर के कडी, किशनगढ़, पुष्कर नसीरबाद के अलावा

अजमेर के कोने-कोने से आये समाज बन्धुओं ने विद्यार्थी को भविष्य की शुभकामनाऐं दी उनके रिश्तेदारों से मिल कर महिलाऐ, बच्चों सभी प्रफुल्लित और उत्साहि नजर आये। अजमेर शिक्षा का केन्द्र है इसी को ध्यान रखते हुवे अजमेर में अध्ययनरत सैनी समाज के विद्यार्थी को भी आंमत्रित किया जो बाहर जिले से आये। तथा संदेश दिया कि अजमेर में भी समाजहित के कार्य हो रहे है।

कार्यक्रम के अन्त में संस्था सदस्य सतीश कुमार सैनी ने ''मेट्रोमोनियल साइड'' की जानकारी दी जो विवाह योग्य युवक-युवतीयों के रिश्तो को बढ़ाने एवं परस्पर जोड़ने के लिए ब्रिज के समान सहायक है जो वेबसाइट पर समाज हित में नि: शुक्ल प्रदान की जाती है। जो वेबसाइट पर समाज हित में नि: शुक्ल प्रदान की जाती है। इसके लिए अधिक जानकारी मो.नं. 98290-72486 पर ले सकते हैं। अजमेर प्रतिभावान सम्मान समारोह की प्रमुख झलंकिया संस्था की वेबसाइड पर लोड़ कर दी गई और उंसपेंउंररउमतण्बवउण्पद पर भी देख सकते है।

## सैनी समाज कल्याण संस्थान, झुंझुनूं का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

झुंझुनूं। सैनी समाज कल्याणय संस्थान का झुंझुनूं जिला स्तरीय 14 वां प्रतिभा सम्मान समारोह 21 सितम्बर रविवार को 'जांगिड़ मंगल भवन' में सम्पन्न हुआ। इसमें झुंझुनू जिले की 140 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता श्री ए.के. गहलोत आयकर अधिकारी सीकर ने की। विशिष्ट अतिथि श्री बनवारी लाल सैनी बगड़, श्री पूर्णमल सैनी विधायक खेतड़ी, श्री पूर्णसिंह सैनी, श्री लीलाधर सैनी लेखाधिकारी जिलाधीश कार्यालय, श्री दीनदयाल सैनी व्याख्याता थे। समारोह में उच्च अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं, राजकीय सेवा में चयनित युवक-युवतियों तथा प्रशासन द्वारा सम्मानित तथा राज्य सेवाओं में पदोन्नत सैनी महिला-पुरूषों का सम्मान किया गया। कल्याण संस्थान को चलने हुए 14 वर्ष हो गये हैं। श्री राजेन्द्र प्रसाद सैनी संरक्षक, श्री पूर्णसिंह सैनी अध्यक्ष श्री सत्यनारायण हलकारा सचिव एवं इनकी टीम की सक्रिया से लगातार जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हो रही है। समारोह का संचालन श्रीमती मीनाक्षी तंवर तथा शिखा तोमर ने किया।

### शिक्षा ईशारा का किया गया लोकार्पण

## महात्मा फूले सामाजिक शिक्षण संस्थान की आमसभा संपन्न




अहमदाबाद। महात्मा फूले सामाजिक शिक्षण संस्थान की वार्षिक आमसभा एवं सामाजिक मिलन समारोह अहमदाबाद टेक्सटाईल मिल्स के आडीटारियम में प्रात: 11 बजे से 5 बजे तक आयोजन हुआ, भारतवर्ष के अनेक राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया सामारोह अध्यक्ष री षंकरराव लिंगे की अध्यक्षता में सम्पन हुआ। उद्घाटन राजस्थान के पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत, मुख्य अतिथि राजसिको के पूर्व अध्यक्ष श्री सुनील परिहार, प्रमुख अतिथि ब्रिक्स एवं इण्यिन चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज के प्रेसिडेन्ट श्री बी.आर. सैनी दिल्ली थे। विशिष्ट अतिथि श्री एन.एल. नरेन्द्रबाबू पूर्व अध्यक्ष बेगलोर कर्नाटक, श्री भगवान सहाय सैनी पूर्व विधायक चौमू राजस्थान, श्री अनिल भाई माली पूर्व विधायक दियोदर गुजरात, श्री मोतीलाल सांखला अध्यक्ष महात्मा फूले जागृति मंच जयपुर, श्री श्रीपाल सैनी अध्यक्ष ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज दिल्ली, श्री उम्मेदमल माली अध्यक्ष माली समाज मुंबई, माली सैनी संदेश संपादक मनीष गहलोत, श्रीमती शशि सैनी अध्यक्ष हरियाणा क्रान्ति दल कुरूक्षेत्र, श्री किशोर कन्हेर नेता शिव सेना नागपुर, श्री के.पी. सिंह सी.ए. दिल्ली थे। गुजरात में पहली बार देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने संकल्प लिया के ''शिक्षादान की अभिनव योजना'' के अनुसार एक ही केम्पस में कक्षा 6 से 1,00,000 विद्याथियों को छात्रावास सुविधा के साथ नि: शुल्क शिक्षण दिया जाएगा। केम्पस में डेयरी प्लांट, गोशाल, बागवानी फार्म, पोध एवं अनुसेधान केन्द्र कोचिंग एंव प्रशिक्षण का प्रोजेक्ट स्वीकार किया गया। इस अवसर पर संस्थान का मीडिया मासिक ''शिक्षा इेशारा'' का अतिथियों ने लोकार्पण किया, प्रसारण द्वि-भाषा में होगा और शिक्षा एवं समाज उन्नति के लिए समर्पित यह समाचार पत्र प्रसारित होगा। शिक्षादानियों को प्रोजेक्ट रिपोर्ट भेंट की गई, संस्थान के महासचिव रामनारायण चौहान ने गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की, कोषाध्यक्ष श्री रामलाल कच्छावा ने आय व्यव तथा बजट प्रस्तुत किया, स्वागताध्यक्ष श्री गंगाराम गहलोत संस्थान उपाध्यक्ष एवं गुजरात माली फेडरेशन ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में चैन्नई (तमिलनाडु), आदिलाबाद (तेलंगाना), तिरूपति (सीमान्ध्र), हैदराबाद (आन्ध्रप्रदेश), बैंगलोर (कर्नाटक), महासमुन्द, दुर्ग, रायपुर, बालोद (छत्तीसगढ़), अमरावती, नागपुर, यवतमाल, अकोला, मुंबई (महाराष्ट्र), मेरठ (उत्तरप्रदेश), भोपाल, उज्जैन, रतलाम, इन्दौर, बड़नगर, नागदा, धार, देवास, जावर (मध्यप्रदेश), कुरूक्षेत्र (हरियाणा), कोटा, जयपुर, जोधपुर, भीनमाल, पुष्कर, अजमेर, नागौर, किशनगढ़, पाली (राजस्थान), हरिद्वार (उत्तराखण्ड), बिहार, उड़ीसा, गोवा, दिल्ली, अहमदाबाद, पालड़ी, सेटेंलाइट, ओढव, मेघाड़ी नगर, डीसा (गुजरात) से प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

जन्मदिवस विशेष

# मरूधरा के ''प्रभु''



मरूधरा की कृषि उन्नति और किसान के सम्मान की गूंज जब भी कानों में पड़ती है तो एक ही बात निकालकर सामने आती है। 'वाह प्रभु वाह'। आए भी क्यों नहीं, मरू प्रदेश की कृषि को कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने नए रूप में, जो संवारा है। स्वयं मुख्यमंत्री वंसुधरा राजे को प्रभु की काबलियत पर पहली पारी में भरोसा था, अब गुमान है। चौहदवीं विधानसभा के परिणाम आने से पूर्व ही बांरा में प्रभु को मंत्री पद की घोषणा इस गुमान का परिचायक है। प्रभु के ऊपर प्रभु कृपा हुई, जीते और फिर से लग गए कृषि, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, उद्यानिकी के विकास कार्य में। राजस्थान को एक ऐसा कृषि मंत्री मिला है, जिनके प्रयासों से आज राज्य की कृषि निरन्तर उन्नति के रथ पर सवार है। बात सही भी है। कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने अपने दीर्घकालीन कृषि अनुभव से राज्य की कृषि को सींचा है। प्रस्फुटित, पल्लवित और पुष्पित किया है। सैनी के नेतृत्व का कमाल है कि राजस्थान कृषि क्षेत्र में नवीन आयाम स्थापित करते जा रहा है। निष्प्राण हो चुके किसान भवन फिर से गुलजार हो रहे है। कृषि, मजदूर, हम्माल मंडी में पांच रूपए में भरपेट खाना खा रहे है। घटता ऊंट का कुनबा राज्य पशु के रूप में विस्तार की तैयारी कर रहा है। बीकाणा व मेवाड़ प्रभु कृपा का प्रसाद चख चुका है, जल्द ही कोटा व्यवसाय प्रोत्साहन नीति प्रभु आशीष से नया रूप लेने वाली है। गो-विकास संवर्द्धन के लिए गो-पालन विभाग मूर्त रूप में आ चुका है। खजूर, जैतून, जैतून रिफाइनरी के बाद धौलपुर, टोंक व झालावाड़ में तीन नए सेंटर ऑफ एक्सीलैंस उद्यानिकी अनुसंधान को जल्द ही परवाज देने वाले हैं। शाहपुरा, केलवाड़ा, मोहनगढ़, पलसाना, छोटी सादड़ी, गुढ़ागौड़ जी, दूनी, महुवा व जयपुर में आवश्यकतानुसार नई मंड़ियों के प्रस्ताव के साथ-साथ किसान कलेवा केन्द्रों का निर्माण प्रभु चिकित्सा प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केन्द्रों की घोषणा के साथ कृषक महिलाओं को बकरी पलान के लिए पासओन गिफ्ट योजना की सौगात जल्द ही मिलने वाली है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड के साथ प्रयोगशालाओं की स्थापना का कार्य प्रगति के पथ पर अग्रसर है। एग्रीकल्चर, एमीकल्चर, सेरी कल्चर, वर्मीकल्चर, टिश्यूकल्चर, एक्वाकल्चर, हर्बीकल्चर, वीटीकल्चर, सिल्वी कल्चर, अर्बोरीकल्चर, पॉली कल्चर, पॉट कल्चर, पिसीकल्चर, और पश्चरकल्चर के क्षेत्र में काम करने का संकल्प राजस्थान को सदाबहार क्रांति का आगाज करने के लिए आवाज दे रहा है। हरित, श्वेत, पीत क्रांति के बाद नीली व प्रोटीन क्रांति लाने का निश्चय, निश्चित ही राजस्थान के गौरव में चार चांद लगाने जैसा प्रतीत हो रहा है। 'प्रभु' के आने के साथ हुई देशी बीज बैंक स्थापना की घोषणा राजस्थान को विश्व में गौरवान्वित कर चुकी है। बीटी बैगन और मक्का को प्रभु की बाय-बाय, प्रदेश के किसानों को विदेशी कंपनियों के बंधन से आजाद रखने की सोच को दर्शाता है।

**प्रभुलाल सैनी**
कृषि एवं पशुपालन मंत्री
राजस्थान सरकार

**आंवा (टोंक) के किसान हरलाल माली के घर 25 सितम्बर, 1954 को जन्म लेने वाले कृषि मंत्री प्रभु लाल सैनी अपने जीवन के 60 बंसत पूर्ण कर 25 तारीख को 61वें वर्ष में प्रवेश किया। वकालात की पढ़ाई के उपरांत, 1981 में आंवा ग्राम पंचायत में सरपंच के पद से शुरू हुआ राजनीति व किसान सेवा का सफर आज भी बे-दाग, अनवरत रूप से जारी है। सैनी 1987-93 तक देवली पंचायत समिति के उप प्रधान, 1995-2000 तक प्रधान रहे। 1982 में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात, 2003 में उनियारा विधानसभा, 2008 में हिण्डोली विधानसभा और 2014 में अंता विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए है। आज भी सैनी, सरकार के संभाग दौरे में कहीं फावड़ा तो कहीं कुदाली लेकर किसानों को खेती के गुर सिखाते हैं। वहीं, अपने खेतों में धर्मपत्नी पानी देवी के साथ खेती का कार्य सहजता से करते देखे जा सकते है। माली सैनी संदेश परिवार श्री प्रभुलाल सैनी को जन्मदिवस पर हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करता है।**

# शिक्षा से ही होगा समाज का विकासः सैनी




सांचौर। नगर के माली समाज धर्मशाला में माली युवा संगठन की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन संत मोहनराम महाराज के सानिध्य में तथा उपखंड अधिकारी आलोक कुमार सैनी के मुख्य डायरेक्टर अमराराम चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जबकि कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट आतिथ्य के रूप में भीनमाल तहसीलदार विशनाराम देवड़ा, प्रदेशाध्यक्ष भगवानराम सुंदेशा, गंगाराम माली, डॉ. परेश सोलंकी, रूडाराम परमार, जवाराराम परमार, छोगाराम, भरत देवड़ा एवं शैलेन्द्र देवड़ा मौजूद रहे। इस मौके पर उपखंड अधिकारी ने कहा कि शिक्षित समाज ही विकास की राह पर आगे बढ़ सकता है। उन्होंने शिक्षा को समाज का दर्पण बताते हुए बालिका शिक्षा को बढावा देने की बात कही। सैनी ने कहा कि शिक्षित बालिका दो परिवारों का नाम रोशन करती है। उन्होंने समाज की प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर देने की बात कही। अमराराम माली ने समाज विकास पर बल देने हुए समाज बंधुओं से समाज विकास में अपनी महत्ती भूमिका अदा करने का आह्वान किया। समारोह को भगवान सुंदेशा, विशनाराम देवड़ा, गंगाराम परमार व जवाराराम परमार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर युवा अध्यक्ष पीराराम परमार, अशोक माली परवा, मोहनलाल, बाबूलाल, पूनमाराम, रमेश कुमार, भूराराम, भरत कुमार, पारसाराम, सांवलाराम, राजूराम, मुकेश कुमार, मसराराम, भेराभाई, सोमाराम, नेमाराम माली, भामाशाह, प्रेमाराम, रिडमलराम, जवाराराम एवं तगाराम मौजूद रहे।

**लैपटॉप पाकर खिले चेहरे :**

प्रतिभा समारोह के दौरान माली समाज की कक्षा दसवीं व बारहवीं में समाज स्तर पर प्रथम स्थान पर रहने वाली प्रतिभाओं को भामाशाह जवाराम पुत्र राणाराम सोलंकी द्वारा लेपटॉप तथा भामाशाह तगाराम पुत्र हरजीराम पादरडी द्वारा पीसी टेबलेट दिया पारितोषिक के रूप में दिया गया। लेपटॉप व पीसी टेबलेट पाकर प्रतिभाओं के चेहरे खिल गए। वहीं समाज की अन्य प्रतिभाओं को भी स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र दिया गया।

# सकारात्मक सोच के साथ शिक्षा का दें बढ़ावा

## सांचोर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित







सांचौर : ऑल इण्डिया युवा माली सैनी सेवा समाज के तत्वावधान में माली समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह महात्मा ज्योतिबा फूले सर्किल में गंगाराम टाक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इस मौके पर शैक्षणिक उत्कृष्ट कार्य करने वाले 114 व राष्ट्रीय स्तर पर खेलकद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 13 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। डी के सैनी ने कहा कि प्रतिभाओं में रूचि अनुसार विकास होना चाहिए। पिछड़े वर्ग के संबल के लिए आयोजनों में धनराशि का दो प्रतिशत हिस्सा सैनी हेल्प लाइन कोष में जमा होना चाहिए ताकि पिछड़े वर्ग के उत्थान में राशि खर्च की जा सके। अध्यक्षता कर रहे गंगाराम ने कहा कि समाज को सकारात्मक सोच के साथ शिक्षा को बढ़ावा देना होगा एवं विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं में शिक्षा का संचार कर समाज को आगे बढ़ाना होगा। विशिष्ट अतिथि श्रीचंद तुनवाल ने कहा कि हमें शिक्षा के साथ साथ भारत की मूल संस्कृति एवं हमारे पूर्वजों के संस्कारों की ओर भी ध्यान आकर्षित करना होगा। युवाओं के कैरियर निर्माण के लिए समय समय पर कार्यशालाओं का आयोजन करना होगा। साहित्यकार, वीरेन्द्र भाटी, प्रदेशाध्यक्ष गुड्डू सैनी, सीकर नगर परिषद सभापति राजेश्वर देवी,



अध्यक्ष विजय कुमार टाक, रामसिंह सैनी, रामेश्वर टाक, मदनलाल माली, सूरजमल सैनी आदि ने भी अपने उद्बोधन प्रस्तुत किये।

# महान अमर पुरोधा महात्मा ज्योतिबा फूले का आशियाना संकट में

भीलवाड़ा। आजादी के बाद देश में बनी सभी सरकारों ने देश के सभी दलितों, वंचितों और अभावग्रस्त लोगों के पैरों तले जमीन के बड़े-बड़े वादे और दावे किये लेकिन 2014 में आकार राजस्थान प्रदेश के भीलवाड़ा शहर में यह दावे और वादे खोखले होते नजर आ रहे है क्योंकि यहां दलितों और वंचितों को जमीन पर खड़ा करना तो दूर उनके पुरोधाओं के पैरो तले की जमीन तक खिसकती नजर आ रही है। यह विडम्बना ही है कि आजादी के सत्तर सालों बाद भी वैभव विलास और साधन सुविधाओं के जंजाल मे उलझ कर सत्ता के मदमोह एंव समाज में आंतरिक गुटबाजी के चलते हम लोग अपने उन पूजनीय पुरोधाओं को भी भूल रहे है जो सिर्फ हमारे समाज के ही नहीं बल्कि हमारे राष्ट्रीय चेहरे भी है।




महात्मा ज्योतिबा फूले केवल माली समाज या दलित समाज के ही नहीं अपितु सम्पूर्ण भारतवर्ष के महान पुरोधा है। ब्रिटिश काल में जब सारा देश औपनिवेशक शासन की गिरफ्त में छट-पटा रहा था, उस समय राजाराम मोहन राय, स्वामी दयानंद सरस्वती, विवेकानंद, बाल गंगाधर तिलक तथा महात्मा गांधी और भमराव अम्बेडकर सहित सैकड़ों देशभक्ति के परिणायक पुरोधाओं ने देश के भीतर आजादी की लो जलाई थी। इनसे पूर्व कई वर्षो पहले महात्मा ज्योतिबा फूले समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर अभावग्रस्त पिछड़े व दलित वर्ग में शिक्षा का बिगुल फूंक कर भारत को दुनिया के फलक पर ला देने वाली महान विचारधाराओं की खेती कर चुके थे। उनके द्वारा डाले गये संस्कारों के बीज ही आज तक हमारी सभ्यता संस्कृति के रूप में लहलहा रहे है।

राजस्थान प्रदेश के भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर गहलोत सरकार के कार्यकाल में फूले सेवा संस्थान के अनुशंसा पर भीलवाड़ा नगर विकास न्यास के सहयोग से महात्मा ज्योतिबा फूले की मूर्ति स्थापित की गई। यह पूर्वती सरकार की अच्छी पहल थी जो उस सरकार की राष्ट्रीय मंशा को पुरोधाओं के प्रति जाहीर करती नजर आती है जिससे पता चलता है हो कि पूरे मेवाड़ संभाग में महान सामाजिक पुरोधा महात्मा ज्योतिबा फूलो की एकमात्र प्रतिमा है। इस प्रतिमा परिसर में ही फूले के विचारों का जनसमाज में फैलाने के लिए समय-समय पर विचार गोष्ठी की भी आयोजन करते आ रहे है। इन आयोजनों के द्वारा लोगों का मानसिक विकास कर उन्हें अपने पुरोधाओं के मार्ग पर चलनें के लिए प्रेरित किया जाता है। महात्मा फूले की मूर्ति स्थापना का प्रमुख उद्देश्य यहा रहा कि आने वाली पीढ़ी इनके जीवन से प्रेरणा लेकर इनके बताये हुए सदमार्ग पर चल सके।

यह विडम्बना है कि भीलवाड़ा नगर विकास न्यास द्वारा जो जगह महात्मा फूले को दी गई, अब उसी जगह सरकार परिवर्तन होने पर नगर विकास न्यास फूले परिसर को हटाकर वहां पर स्नानाघार बनाने की तैयारी में है। इस स्नानाघार के बहाने महात्म ज्योतिबा फूले की पैरो तले की जमीन खिसकाने की तैयारी की जा रही है। यह सारा काम कतिपय स्थानीय भाजपा से जुड़े जन प्रतिनिधियों और न्यास की मिलीभगत से होने जा रहा है। पूर्वती सरकार के कार्यकाल में ही न्यास द्वारा ही यह परिसर महात्मा फूले को उपलब्ध करवाया गया तब ऐसे में अब क्या मजबूरी आन पड़ी कि स्वयं न्यास इस अति संवदेनशील विषय

इस मामले में समूचे घटनाक्रम से फूले सेवा संस्थान ने राजस्थान सरकार का मुख्यमंत्री को दो बार पत्र लिखकर अवगत करा दिया गया साथ ही समाज के एक मात्र केबीनेट मंत्री श्रीमान् प्रभुलाल सैनी साहब से भी संस्थान के अध्यक्ष व्यक्तिगत तौर से मिलकर पूरे घटनाक्रम को उनके समक्ष रख चुके है। बावजूद इसके कुछ लोग सरकार और प्रशासन को भ्रमित कर फूले के परिसर को तुड़वाने पर आमादा है। जिन महात्मा ज्योतिबा फूले ने आजादी से पहले ही भारत निर्माण की नींव रखी आज प्रजातंत्र में आकर स्वयं उनके पैरो तले की जमीन खिसकने वाली है।

महात्मा फूले जनसमाज में सबसे पहले समाज सुधार व शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले प्रथम व्यक्ति भी थे। अब ऐसे महान पुरोधा के आशियाने को उजाड़ने की जद्धोजहद जारी है। तब आप यह तय करें कि आपका और हमारा क्या कोई फर्ज बनता हो तो फूले सेवा संस्थान आव्हान करता है कि माली समाज एंव पिछड़े समाज के लोग आगामी 18 सितम्बर 2014 (मूर्ति स्थापना दिवस पर) को एक ही दिन सम्पूर्ण राजस्थान मे अपनी-अपनी संस्थाओं एवं कार्यकारिणी के सदस्यों के माध्यम से स्थानीय जिला प्रशासन को

*शेष पृष्ठ 12 पर ...*

# बाढ़ पीड़ितों के राहत हेतु दिए 1 लाख रुपये

## 'उत्कर्ष ने शिक्षा क्षेत्र उन्नयन और सामाजिक सरोकरों का रचा इतिहास'



जोधपुर। उत्कर्ष संस्थान ने सादगी से मनाई 12वीं वर्षगांठ, राष्ट्रीय आपदा में सामाजिकता की कायम की अनूठी मिसाल, कशमीर बाढ़ पीड़ितो के लिए राहत कोष में एक लाख रूपये की दी सहायता, अतिथियों ने उत्कर्ष के जज्बे की मुक्तकंठ सराहना की। सूर्यनगरी के उत्कर्ष प्रतियोगी संस्थान ने शिक्षा क्षेत्र में उन्नयन का नया इतिहास रचा है। संस्थान के अनुभव समाविष्ट कुशल मार्गदर्शन व प्रेरणा से बेरोजगारों के जीवन को उन्नतिपरक नई दिशा मिल पाना संभव हो पाया है। मगर उत्कर्ष संस्थान ने प्रगति पथ पर मुकाम दर मुकाम हासिल करने के बावजूद सदैव व्यावसायिकता को परे रखकर सामाजिक सरोकारों को अधिक तवज्जोह दी है। जिससे राष्ट्रोत्थान का सजगा प्रहरी बनकर अनूठी भागीदारी निभाई जा रही है। कुछ ऐसे ही विचार उत्कर्ष प्रतियोगी संस्थान की स्थापना के बारह वर्ष पूर्ण कर 13 वें वर्ष में प्रवेश के मौके पर आयोजित एक सादगीपूर्ण समारोह में अतिथियों उद्‌बोधन में उभरे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में संस्थान के निदेशक श्री निर्मल गहलोत ने अतिथियों का स्वागत किया। गहलोत ने अपने स्वागत उद्‌बोधन में उत्कर्ष संस्थान के शैक्षणिक कार्यो के इत्तर सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डाला, साथ ही कश्मीर में बाढ़ से हुई त्रासदी तथा इस सन्दर्भ में एक आम भारतीय नागरिक की भावना को प्रदर्शित करते हुये उत्कर्ष संस्थान के दायित्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सूरसागर विधायक सूर्यकांता व्यास ने इस अवसर पर सभी संस्थानों को उत्कर्ष से प्रेरणा लेते हुये कार्य करने का आह्वान किया। जोधपुर शहर विधायक श्री कैलाश भंसाली ने उत्कर्ष संस्थान द्वारा प्रधानमंत्री राहत कोष मे दिये एक लाख रूपये के योगदान को निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व का सर्वोत्तम उदाहरण बताते हुए कश्मीर की पीड़ा में पूरे देश के साथ होने की भावनाओं को प्रकट किया। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री देवेन्द्र जोशी ने उत्कर्ष के 12 वर्षो की सामाजिक. धार्मिक सेवा की यात्रा को अपने नाम के अनुरूप बतलाते हुये प्राकृतिक आपदाओं में इंसानी मदद को सबसे बड़ी सेवा बतलाया। नगर निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री हरिसिंह राठौड़ ने निगम की ओर से उत्कर्ष परिवार का आभार जताया तथा युवाओं से समाज के प्रति दायित्वों के निर्वहन करने का आह्वान किया। व्यास विश्वविद्यालय के कला संकाय के पूर्व अधिष्ठाता प्रो.ए.के.मलिक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्र निर्माण हेतु उठाये गये बीड़े में उत्कर्ष के योगदान को महत्वपूर्ण प्रयास बतलाते हुये कहा कि सफलता का मूलयांकन उसके समाज के प्रति योगदान से किया जाना चाहिये और उत्कर्ष इस मापदण्ड पर खरा उतरता है। कार्यक्रम के अंत में व्यास विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान के असिटेंट प्रोफेसर डॉ. दिनेश गहलोत ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।


सामाजिकता की मिसाल, त्रासदी पर सहायता :- उत्कर्ष संस्थान की वर्षगांठ के मौके पर एक बार फिर सामाजिकता की अनूठी मिसाल कायम की गई। कश्मीर में आपदा के चलते चकाचौंध से लबरेज समारोह के बजाय सादगीपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। वहीं समारोह में कश्मीर बाढ़ पीडितों के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष में एक लाख रूपये की सहायता राशि भेंट की गई। उत्कर्ष के जज्बे की सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की, वहीं अन्य संस्थानों को भी व्यावसायिक चकाचौंध से हटाकर सामाजिक कार्यो से जुड़ने का आह्वान किया।

उठाए रखा है बीड़ा :- सनद रहे कि इससे पूर्व भ उत्कर्ष ने राष्ट्रीय आपदाओं और अन्य अवसरों पर सामाजिक दायित्व निर्वाह का बखूबी बीड़ा उठाया है। उत्कर्ष संस्थान के निदेशक श्री निर्मल गहलोत राजस्थान विकलांग समिति के अध्यक्ष, रस्पेक्ट इंडिया नई दिल्ली के उपाध्यक्ष और प्रबंध समिति आदर्श विद्या मंदिर के उपाध्यक्ष होने क अलावा कई अन्य सामाजिक संस्थाओं में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

*पृष्ठ 11 का शेष ...*

अपना-अपना ज्ञापन सौंप कर भीलवाड़ा के इस प्रकरण के बारे में खुला विरोध दर्ज कराये, ताकि सरकार के कानों तक आपकी आवाज पहुंच सके और आपके महान पुरोधा महात्मा ज्योतिबा फूले को न्याय मिल सके। एक साथ एक ही दिन आपके ज्ञापन और विरोध दर्ज कराने से निश्चित रूप से महात्मा ज्योतिबा फूले में श्रद्ध रखने वाले उनके अनुयासियों और माली समाज के लोगों की एकजुटता भी प्रदशित होगी। जिससे भविष्य में राजस्थान मे कही भी पिछड़े वर्ग के लोगों को और इस तबके के पुरोधाओं को सरकारी मनमानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। जय महात्मा फूले..

# अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार युवा सम्मेन में निखिल गहलोत ने किया देश का प्रतिनिधित्व




ब्रसेल्स। 5 सितम्बर से 7 सितम्बर, 14 को अंतराष्ट्रीय सभागार में 11वीं वार्षिक अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार शिखर सम्मेलन के लिए ब्रसेल्स में 30 देशों युवा प्रतिनिधियो ने इस वार्षिक अंतराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों, मानव अधिकारों के प्रतिनिधियों, मानव अधिकारों के गैर सरकारी संगठनों, धार्मिक नेताओं और अन्य संस्थाओं के जन प्रतिनिधि शामिल हुए।

भारतीय की ओर से युवा निखिल गहलोत ने अपने देश का प्रतिनिधितव करते हुए अंतराष्ट्रीय मानवधिकार सम्मेलन में भाग लिया। बीटेक सिविल इंजिनियरिंग के अंतिम वर्ष के छात्र जोधपुर निवासी निखिल गहलोत भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले एकमात्र छात्र थे। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में अलबेनिया, अर्जेटिना, आस्ट्रेलिया, कबोंडिया, कोलबिंया, इटली, फ्रांस, यूरोप, जर्मनी, माली, मेक्सीको, नेपाल, निदरलेंड, माली, नेपाल, रूस, स्वीजरलैंड, ताईवान, इंग्लैड, युक्रेन, अमेरिका, वेयतनाम इत्यादि देशों के 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने इस सम्मेलन में भाग लिया। निखिल ने इस अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत में किए गये अपने कार्यो के बारे में जानकारी दी तथा करीब 200 प्रतिनिधियां एवं 1000 विद्यार्थियों के बीच मानवधिकार विषय पर चर्चा की तथा उनके द्वारा भारत में मानवाधिकार के संबध मं किये गये कार्यो की जानकारी साझा की। निखिल के द्वारा प्रस्तुत जानकारी पर वहां मौजूद सभी प्रतिनिधियों ने मुक्तकंठ से प्रंशसा की। इस अवसर पर मानवाधिकार के लिए उत्कृष्ठ कार्य करने वाले प्रतिनिधियों को आवार्ड भी प्रदान किया गया। तीन दिवसीय सम्मेलन में मानवधिकार की शिक्षा एवं उनके अधिकरों के बारे में भी एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें विश्व शांति के बारे में भी विस्तृत चर्चा हुई।

प्रतिभावान निखिल अपनी योग्यता का लोहा पहले भी मनवा चुके है। इन्होंने लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में 2,7000 स्टेपलर पिन से 6 फीट लंबा टाईटेनिक जहाज बनाया। इसके अलावा आइसक्रीम की 28,000 स्टीक से 75 फुट लंबा एवं 95 पिल्लर का ब्रिज भी बनाया जो कि मुंबई के सी लिंक एवं जेहॉऊ ब्रिज चीन के ब्रिज के आकार क ा रूप लिया था। इसके साथ ही निखिल ने 4300 आइसक्रीम स्टीक से 35फीट लंबा ब्रिज भी बनाकर लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम वर्ष 2012 में दर्ज कराया।

यहीं नहीं वर्ष 2013 में 45,000 रबड़ (म्तेंमत ), प्लास्टिक पाईप, लकड़ी के बोर्ड, रूई एवं फेविकॉल से 38 किलो वजनी एवं 6 फीट के टाईटेनिक जहाज को बना कर एक बार फिर रिकार्ड बना कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अपने कारनामों से परिवार, समाज व देश को गौरव बढ़ाने वाले वाले श्री निखिल गहलोत को माली सैनी संदेश की ओर से हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं।

## डॉ. महेन्द्र तंवर बने पशुपालन विश्वविद्यालय में एसिस्टेण्ट प्रोफेसर

बीकानेर। जवाहर नगर, गजनेर रोड़, बीकानेर निवासी श्री लक्ष्मीनारायण माली से.नि. मुख्य प्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर के पुत्र श्री डॉ. महेन्द्र तंवर 'राजस्थान पशुपालन एवं पुश चिकित्सा विश्वविद्यालय बीकानेर' में एसिस्टेण्ट प्रोफेसर नियुक्त हुए है। इससे पूर्व आप यहीं निविदा पर कार्य कर रहे थे। वेटरनरी मं पी.जी. डिग्री प्राप्त डॉ. महेन्द्र तंवर के बड़े भाई तथा उनकी पत्नी जवाहर नगर में डॉ. सुनील तंवर चाइल्ड केयर सेन्टर 'नामक चिकित्सालय चलाते हैं। डॉ. महेन्द्र ने सर्जरी (वेटरनरी) में पी.जी. किया है। आपने 17 जून 2014 को सेवा ग्रहण कर ली है।

## स्व. बैजनाथ पंवार को दी श्रद्धांजलि



फतेहपुर शेखवाटी। साहित्य संसद, फतेहपुर के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा ए.आर.बी. पब्लिक स्कूल (धोली सती मार्ग, चार बत्ती) परिसर में सेठ श्री नरेन्द्र कुमार धानुका कोलकाता प्रवासी की अध्यक्षता में हुई। इसमें 90 वर्ष की अवस्था में 28 अगस्त को दिवंगत हुए शेखावाटी क्षेत्र के राजस्थानी एवं हिन्दी भाषाओं के विख्यात साहित्यकार श्री बैजनाथ पंवार, चूरू को श्रद्धांजलि दी गई।सायं 5 से 7 बजे तक चली सभा में निम्नांकित वक्ताओं ने पंवार साहब के कर्तृत्व, अवदान, स्वभाव, त्याग एवं आदर्शो के संबंधा में अपने विचार प्रकट किये। सेठ नरेन्द्र कुमार धानुेका. अध्यक्ष श्री बजरंग लाल धानुका, स्मृति साहित्यकार सम्मान समिति, श्री शिशुपाल सिंह नारसरा अध्यक्ष साहित्य संसद, आचार्य राम गोपाल शास्त्री सचिव साहित्य सांसद, श्री बालकिशन शर्मा उप प्राचार्य चमड़िया संस्कृत महाविद्यालय, श्री प्रहलादराय सैनी व्याख्याता, श्री भंवर लाल महरिया सोहित्यकार, सुभाष डारा युवा कवि, कपिल देवराज, आर्य कवि मण्डावा, अम्बर फतहपुरी मशहूर शायर, युवा कवि राहुल राज मिश्र, योगराज जोशी भ्रमर, भंवर लाल प्रभाकर, सतीश शाण्डिल्य अहिंसा प्रशिक्षक, प्रेम प्रकाश राज कुमार स्वामी।

# सैनी समाज सेवा समिति रामगढ शेखावाटी का प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

रामगढ शेखावाटी (सीकर) के भव्य महात्मा ज्योतिराव फूले अतिथि भवन में सैनी समाज सेवा समिति के पाँचवे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 14 सितम्बर 2014 रविवार को हुआ। श्री नाथ अक्षय रूकनसर के संत कैलाशनाथ जी के सान्निध्य में श्री शिवकरण जी गौड़, गुदड़वास की अध्यक्षता एवं श्री जगदीश प्रसाद कटारिया, रतननगर के मुख्य अतिथ्य में हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि थे- आचार्य राम गोपाल शास्त्री, प्राचार्य चमड़िया पी.जी. संस्कृत कॉलेज, फतेहपुर, श्री प्रहलादराय बागड़ी-फतेहपुर, श्री राम कुमार तंवर-कर्मचारी नेता-चूरू, डा. महेन्द्र सैनी चिकित्सा राजकीय प्रा. स्वा.केन्द्र-ढांढण, श्री भोलाराम चूनवाल रामगढ, श्री देवकरण गौड़, श्री सांई दरबार रतननगर, श्री राधेश्याम चूनवाल पूर्व चैयरमैन-मण्डावा। बच्चों द्वारा ईशवन्दना एवं स्वागतगीत प्रस्तुत किये गये। संस्था के सचिव श्री राधेश्याम चूनवाल ने संस्था का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अध्यक्ष श्री भंवर लाल तंवर आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। उपाध्यक्ष श्री प्रहलादराम परिहार ने संस्था को प्राप्त दान का विवरण दिया। मंत्री राधेश्याम चूनवाल ने 'बैंकिंग इन्स्टीट्यूट' के भवन निर्माण के लिए भामाशाहों से दान देने की अपील की।

वक्ता श्री अशोक कुमार बागड़ी, फतेहपुर ने समाज मं सुदृढ संगठन एंव राजनैतिक जागरूकता पर जोर दिया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री प्रहलादराय बागड़ी ने अपने ओजस्वी भाषण में समाज में शिक्षा में क्रान्ति लाने पर जोर दिया। श्री रामकुमार तंवर ने कहा कि जमाना बहुत तेजी से आगे बढता जा रहा है। यदि समाज आपसी द्वेष भावना को त्यागकर संगठित होकर आगे नहीं बढेगा तो बहुत पिछड़ जायेगा।

विख्यात वैदिक विद्वान ने अपने कव्य मय भाषण के माध्यम से समाज में चारों ओर हो रही उन्नति के ब्यौरा देते हुए समाज को जागने तथा आगे बढने का अह्वाव किया। समारोह के सभपति संत कैलाशनाथ जी ने छात्रों को प्रोत्साहित करने वाले इस कार्यक्रम की सराहना की।

प्रतिभा सम्मान समारोह में विभिन्न बैंकों में चयनित युवकों बी.ए.सी. सै. सैकण्डरी आदि कक्षाओं में उच्च श्रेणी प्राप्त सैनी छात्र-छात्राओं के अलावा विभिन्न शालाओं में 10वीं तथा 12वीं में कक्षा प्रथम आये सर्वजातीय छात्रों को सम्मानित किया।

**कालेजों के छात्र संघ अध्यक्ष सम्मानित-**

समारोह में राजकीय रूइया पी.जी. कालेज छात्र संघ के अध्यक्ष्ज्ञ प्रवीण कुमार सैनी एवं परमेश्वरी छात्र संघ के अध्यक्ष प्रवीण कुमार सैनी एवं परमेश्वरी देवी धनराज खेतान महिला महाविद्यालय छात्र संघ की अध्यक्ष सुक्षी पूजा सैनी को सम्मानित किया गया।

समारोह का सफल एवं प्यारा संचालन श्री प्रहलादराय परिहार तथा सतीश तंवर ने संयुक्त रूप से किया। कुल 65 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# श्री राजेन्द्र परिहार बनें अध्यक्ष



जोधपुर। मंढोरमंडी खाद्य पदार्थ संघ रविवार को हुए चुनावों में श्री राजेन्द्र परिहार ने अध्यक्ष पद पर विजयश्री प्राप्त की। मंडोर मंडी में श्री राजेन्द्र परिहार ने अपनी प्रतिष्ठा पूर्व में भी अनेकों बार साबित की है। माली समाज के होकर मंडी में चावल के व्यवसाय में करीब 30 वर्षो से अपनी मृदु व्यवहार एवं सबको साथ ले कर चलने वाले तथा व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए हरदम प्रयासरत श्री राजेन्द्र परिहार को विजयी घोषित होने पर सभी व्यापारियों एवं उनके समर्थकों ने श्री परिहार की जीत पर उनको मालाओं से लाद दिया। इस अवसर पर श्री परिहार ने मंडी के व्यापारियों के हितों के लिए पूर्व की भांति हर समय उपस्थित रहने तथा मंडी के विकास के लिए कृत संकल्प होने की बात कही। श्री राजेन्द्र परिहार को समाज की अनेकों संस्थाओं एवं प्रबुद्धजनों ने बधाई प्रेषित की। माली सैनी संदेश परिवार श्री राजेन्द्र परिहार को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके अनुभव एवं मार्गदर्शन से व्यापारियों के हितार्थ कार्य करने की मंगलकामना करता है।

# गोयली में वृक्षारोपण

सिरोही। समीपवर्ती गांव गोयली के राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय मे भाजपा के महांमत्री विरेन्द्र सिंह चौहान के मुख्य अतिथ्य और सरपंच झमुदेवी की अध्यक्षता मे वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समृद्वि क्रेडिट सोसायटी के अध्यक्ष प्रकाश बी. माली ने बताया कि समृद्विसोसायटी द्वारा वर्षा ऋतु के मौसम मे विभिन्न स्थानो पर वृक्षारोपण किया जा रहा है जिसकी शुरूआत गोयली के राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय मे वन विभाग के सहायक वन सरंक्षक खुमानसिंह के हाथो द्वारा पोधारोपण किया गया।

भाजपा के महामंत्री विरेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि वृक्ष ही जीवन के आधार है एवं इस प्रकार के वृक्षारोपण कार्यक्रम के आयोजनो से पर्यावरण को फिर से हरा भरा किया जा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन मे एक वृक्ष लगाकर अपना दायित्व पुरा कर ओरो को भी वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित करना चाहिये कार्यक्रम मे पीपल फॉर ऐनिमल, पुखराज गेहलोत मुख्य कार्यकारी, समृद्विक्रेडिट सोसायटी आदि ने उपस्थिति दी। मंच का सचांलन भवरंलाल माली ने किया।

# श्री बुधसिंह सैनी का भोपाल में हुआ सम्मान

जयपुर निवासी श्री बुधसिंह सैनी सैनी समाज की कई राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय संस्थाओं में पदाधिकारी हैं। देश के विभिन्न प्रान्तों में होते रहने वाले सभा-सम्मेलनों में आप संभागी रहते हैं। सेवा निवृत्ति के पश्चात आपने अपना पूरा जीवन समाज सेवा को समर्पित कर रखा है। संयुक्त सैनी माली मरार समाज मध्यप्रदेश प्रतिवर्ष स्व. रामजी महाजन पिछाड़ा वर्ग सम्मान दिसव 28 अगस्त को मानकर 'सैनी माली मरार रामी समाज' के 10-15 समर्पित सामाजिक कार्यकर्त्ताओं को 'महात्मा ज्योतिराव फुले सम्मान' से सम्मानित करता है। यह कार्यक्रम इस बार भी 28 अगस्त 2014 को महात्मा ज्योतिराव फूले भवन, राजीव चौक, ई-5 अरेश कॉलोनी, भोपाल में हुआ। इसमें देशभर से चुने हुए 13 लोगों को सम्मानित किया गया। इनमें जयपुर के सुप्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्त्ता श्री बधुसिंह सैनी भी सम्मिलित थे। महात्मा जोतिराव फुले भवन, भोपाल के भव्य सभागार में श्री बुधसिंह सैनी को माला पहनाकार, शॉल ओढाकर, तथा स्मृति चिह्न भेंट कर कर सम्मानित किया गया। श्री सैनी को मंच पर श्री आलोक मंजर सांसद भोपाल, श्री हार्डिया विधायक, श्री श्रीपाल सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष, ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज, नई दिल्ली, श्री जगदीश सैनी, राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इण्डिया सैनी सभा, नई दिल्ली श्री आर.आर. सैनी, अध्यक्ष अ.भा.माली महासंघ नागपुर, डा.पी.एन. अम्बाडकर संरक्षक संयुक्त माली-सैनी-मरार समाज मध्यप्रदेश तथा सरदार अमरीक सिंह से.नि.आई ए एस ने एक साथ खड़े होकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले सभी लोगों को मंच पर स्थान दिया गया।

**आचार्य राम गोपाल सैनी को भी किया सम्मानित :** भोपाल (म.प्र.) में 28 अगस्त 2014 को आयोजित स्व. रामजी महाजन पिछड़ा वर्ग सम्मान समारोह में राजस्थान से पधारे प्रसिद्ध वैदिक विद्वान एवं समाज सुधारक आचार्य राम गोपाल सैनी को भी मंच पर स्थान दिया गया तथा सम्मान की श्रृंखला में 'स्मृति चिह्न' प्रदान करकर सम्मानित किया गया।

**12 लोगों का किया सम्मान :** रामजी महाजन पिछड़ा वर्ग सम्मान दिवस के अवसर पर देश के विभिन्न प्रान्तों में पिछड़ा वर्ग को जगाने का कार्य रहे सामाजिक कार्यकर्त्ताओं का माला पहनाकर शाल ओढाकर, प्रशास्त्रि पत्र तथा स्मृतिचिह्न भेंटकर कर सम्मान किया गया। 1. श्री बुधसिंह सैनी- जयपुर (राजस्थान) 2. श्री राजेन्द्र नायक- रायपुर (छत्तीसगढ़) 3. श्री उमेश पंचेश्वर- बालाघाट (म.प्र.) 4. श्री चिंतामणि महाजन- बुरहानपुर (म.प्र.) 5. श्री पुरूषोत्तम अनुरागी- सतना (म.प्र.) 6. श्री गोविन्द राव बैराले- नागपुर (महाराष्ट्र) 7. श्री संजय नाथे- नागपुर (महाराष्ट्र) 8. श्री राधेश्याम कश्यप- भोपाल (म.प्र.) 9. श्री आर.के.सैनी- जबलपुर (म.प्र.) 10. श्रीमती गीता होले- पुणे (महाराष्ट्र) 11. श्री सेवन्ती भाई रामी- अहमदाबाद (गुजरात) 12. सैनी कुलदीप सांखला- जोधपुर (राजस्थान) (आधुनिक भीम) इनके अलावा कुछ विशिष्ट कार्यकर्त्ताओं को स्मृत्ति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

## समाज की प्रयास स्मारिका का विमोचन - द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 फरवरी को





बस्सी। माली समाज विकास संस्थान बस्सी जयपुर तत्वावधान में बस्सी के एनटीपीसी रोड पर स्थित विश्वकर्मा मंदिर पर 30 अगस्त को सामूहिक गोठ एवं विचार संगोष्ठी आयोजित हुई। इस दौरान कार्यक्रम में समाज के लोगो ने संस्थान के तत्वावधान में 20 फरवरी को द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन करने का निर्णय लिया। समारोह की अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष शंकर लाल सैनी ने की। सैनी ने कहा कि शिक्षा से ही समाज की उन्नति हो सकती है, इसलिए शिक्षा पर जोर देना चाहिए। इस दौरान कार्यक्रम अतिथि सुरज मल ठेकेदार अध्यक्ष जिला देहात माली समाज, गुडडू सैनी महामंत्री जिला देहात माली समाज, दिनेश सैनी अध्यक्ष जिला माली समाज, घीसाराम सैनी, नारायण सैनी रामगढ, गिरधारी लाल सैनी दौसा द्वारा संस्थान द्वारा प्रकाशित करवाई गई प्रयास स्मारिका का विमोचन किया गया। संस्थान मिडिया प्रभारी विनोद कुमार सैनी के अनुसार समाज की विचार संगोष्ठी के दौरान सर्वसमाज द्वारा फुलेरा दूज पर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन पर विस्तृत चर्चा हुई। सामूहिक विवाह सम्मेलन की घोषणा होते ही क्षेत्र के भामाशाहो ने सहयोग देने की घोषणाएं की। समारोह में बस्सी, शाहपुरा, जमवारामगढ, चाकसू, लालसोट, दौसा, जयपुर के समाज बन्धु उपस्थित हुए।


प्रमोद गहलोत
शेरसिंह गहलोत

(M) 9414766560
876999111

गहलोत एजेन्सीज




हमारे यहां पर सभी प्रकार के गैस के चुल्हे, भट्टियां, पेट्रोमेक्स, लेम्प व स्टोव लाईटर, गैस गीजर, चिमनी, कुकर, मिक्सी, इलेक्ट्रीक एवं किचन संबधित आईटम व इनके पार्ट्स होलसेल रेट में बेचे व रिपेयर किये जाते है।




दुकान नं. 35- 36 ई, काम्पलेक्स, चाँदसा तकिया मार्केट, सोजती गेट, जोधपुर

INALSA Home Appliances BAJAJ Electric Surya flame Sunflame PKL



# समाज की शिक्षिका कमला माली का शिक्षक दिवस पर सम्मान

उदयपुर। इण्डो अमेरिकन पब्लिक विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती कमला माली को शिक्षक दिवस पर दैनिक भास्कर, हिदुंस्तान जिंक, नारायण सेवा संस्थान एवं पेसेफिक विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह के अवसर पर सीबीएससी में लगातार 100 प्रतिशत परिणाम एवं सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त माली समाज की ओर से श्रीमती कमला को हार्दिक बधाई प्रेषित की गई। श्रीमती कमला के पति श्री किशन माली आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज, उदयपुर में डॉटा मैनेजर की सेवाएं प्रदान कर रहे है। इसके साथ ही किशन माली ऑल इण्डिया युवा माली सैनी समाज राजस्थान के उदयपुर अध्यक्ष भी है। श्रीमती कमला माली का हाल ही में आपीएससी के द्वितीय श्रेणी में इंग्लिश में सफलता भी प्राप्त की है। माली समाज की कठिन परिश्रमी युवा महिला शक्ति का उनकी इस उपलब्धि पर बहुत बहुत बधाई। श्रीमती कमला ने बताया कि उनकी सफलता का आधार सकारात्मक सोच एवं निरंतर प्रयास है। वो अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार को देती है। माली सैनी संदेश परिवार इस युवा प्रतिभाशाली शिक्षिका को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता है।

# विविध समाचार

### माली समाज सामूहिक विवाह संस्थान के पदाधिकारियों का सम्मान

बीकानेर। भैरू मण्डली किसमीदेसर के तत्वावधान में गैरा भैरू मंदिर, किसमीदेसर में लोक देवता भैरू नाथ बाबा का अभिषेक व जागरण का आयोजन रखा गया जिसमें माली सैनी समाज सामूहिक विवाह संस्थान, बीकानेर के पदाधिकारीयों को सम्मान किया गया। जागरण मंडली के अध्यक्ष श्री कन्हैयालाल गहलोत ने संस्थान के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश भाटी व मंडली के श्री राधेश्याम गहलोत, श्री झंवरलाल टंक ने संस्थान के श्री गौरधन सांखला ने माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। संस्थान के कोषाध्यक्ष श्री घनश्याम गहलोत ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि मण्डली के सदस्यों द्वारा सम्मान पाकर संस्थान के सभी पदाधिकारी को संस्थान में काम करने के लिए नई उर्जा केसंचार की अनुभूति हुई है व हम सीाी को ओर भी जिम्मेदारी, मेहनत व लगन के साथ काम करने की प्रेरणा मिली है। जागरण में सम्मान के कार्यक्रम का संचालन श्री प्रमोद गहलोत ने किया व जागरण में श्री सुनील तंवर द्वारा प्रस्तुत भजनों का संस्थान के पदाधिकारीयों ने आंदन लिया उपस्थित श्रोताओं ने भी तालियां बजा कर कलाकारों का हौंसला बढ़ाया।

### माली समाज सेवा संस्थान के चुनाव संपन्न

जालोर। माली समाज सेवा संस्थान जालोर के द्विवार्षिक चुनाव रविवार को संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी प्रवीण चौहान ने बताया कि चुनाव में प्रबंध कार्यकारिणी के बीस सदस्य निर्विरोध चुने गए। उन्होंने बताया कि सर्वसम्मति से सांवलाराम सांखला का अध्यक्ष, माधाराम सोलंकी उपाध्यक्ष, रमेशा सोलंकी विधि सलाहकार, सुरेश सुंदेशा मंत्री, मोहनलाल गहलोत सहमंत्री, हड़मताराम गहलोत कोषाध्यक्ष, नारायणलाल सोलंकी को समाज कल्याण मंत्री, चेतन सुंदेशा को प्रचार मंत्री, जेठाराम गहलोत संगठन मंत्री व हिम्मताराम गहलोत को जालोर क्षेत्र का उपाध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। उन्होंने बताया कि नवनिर्वाचित प्रबंधन कार्यकारिणी में पूर्व अध्यक्ष भभूताराम सोलंकी, मांगीलाल सांखला, तेजाराम, शंकरलाल, गोपाराम, माणकलाल, भंवरलाल, सुरेन्द्र परमार व वेलाराम को सदस्य बनाया गया।

### प्रतिभा सम्मान समारोह 12 अक्टूबर को चाकसू में

चाकसू। सब्जी मण्डी सैनीसमाज सभा भवन में रविवार को राष्ट्रीय सैनी समाज एकता संगठन की बैठक नगर अध्यक्ष श्री रामअवतार सैनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सैनी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 12 अक्टूबर को करने का निर्णय लिया गया। नगर अध्यक्ष श्री सैनी ने बताया कि सम्मान समारोह क दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाली समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। बैठक में श्री हनुमान सैनी, पूर्व पार्षद श्री सुरेश सैनी, श्री रामरतन सैनी, श्री गणेशनारायण सैनी, श्री गणपतलाल सैनी, श्री अशोक सैनी सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार प्रकट किए।

### माली समाज प्रतिभा सम्मान समारोह 3 को

जोधपुर । माली संस्थान की ओर से संभाग स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह तीन अक्टूबर को रामबाग स्थित गुरूकुल आश्रम में आयोजित किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष श्री देवीचंद देवड़ा ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत तथा जेडीए के पूर्व चेयरमेन श्री राजेन्द्र सोलंकी के साथ ही अन्य अतिथिगणों को आमंत्रित किया गया है। मंत्री श्री हनुमान सिंह गहलोत ने बताया कि मारवाड़ क्षेत्र की 1400 से अधिक प्रतिभाओं को इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही कम आय वर्ग के विद्यार्थियों को योग्यतानुसार छात्रवृति भी प्रदान की जाएगी। इसी दिन प्रात 10 बजे माली संस्थान की आम सभा भी रखी गई है। जिसमें वर्ष 2013 का आय व्यय का अनुमोदन तथा वर्ष 2014 का बजट प्रस्तुत किया जाएगा। आम सभा प्रात: 10 बजे आयोजित की जाएगी। तत्पश्चात माली समाज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा।

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर(पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपाध्यक्ष, नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मंडल महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री श्यामलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली, (पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा

श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल पुत्र श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा

श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई

# माली सैनी सन्देश ही क्यों ?










## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

### सदस्यता फार्म

दिनांक ________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियां आपको विगत 8 वषो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जार रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब-साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई-पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है। हमारी वेब साईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है। एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई- पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के सभी अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। अत: मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।

### सदस्यता राशि

एक वर्ष रु. 150/- | दो वर्ष रु. 300/- | पांच वर्ष रु. 700/- | आजीवन रु. 3100/-

डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।

नाम/संस्था का नाम ________

पता ________

फोन./मोबाईल ________ ई-मेल ________

ग्राम ________ पोस्ट ________ तहसील ________

जिला ________ पिनकोड ________

राशि ( रूपये ) ________ बैंक का नाम ________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ________ ( डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें )

सदस्यता रजिस्ट्रेशन संख्या ________ रसीद क्रमांक ________

दिनांक ________

सदस्यता हेतु लिखे

प्रसार प्रभारी

हस्ताक्षर

**माली सैनी संदेश पोस्ट बॉक्स नं. 9, जोधपुर**

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर ( राज. )

Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com
www.malisaini.org E-mail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

### क्योंकि

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

### क्योंकि

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे देश ही नहीं विदेश में भी।

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464, 92140 75464
log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर

# नागौर के अमरापुरा धाम में संत श्री लिखमीदास जी महाराज की पुण्यतिथी पर आयोजित रक्तदान शिविर की झलकियां



RAJHIN 16445/20/1/2013-TC

# केर इन्स्टिटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेज

## प्रिमियर मल्टी-सुपर स्पेशयलिटी ग्रीन अस्पताल

## सीम्स अस्पताल



## डॉ. विनित सांखला

MD, DM - Cardiology (CMC Vellore), FESC, FISE
Fellow - Mayo Clinic, Rochester, USA

**इन्टरवेन्शनल कार्डियोलोजीस्ट एवं कार्डियाक इलेक्ट्रोफिजियोलोजीस्ट**

मोबाईल : **+91-99250 15056**
ई-मेल : vineet.sankhla@cimshospital.org,
vineet.cardio@gmail.com
www.cims.me

### इन्वेसीव कार्डियोलॉजी

- इसीजी
- ट्रेडमिल टेस्ट (टीएमटी)
- 2-डी इको और 3-डी इको कलर डॉप्लर के साथ
- एडेनोसाईन और डोब्युटामाइन स्ट्रेस 2-डी इको
- ट्रान्सेसोफेगल इकोकार्डियोग्राफी **(TEE)**
- होल्टर मोनिटरींग
- 24 घंटे एम्ब्युलेटरी ब्लड प्रेशर मॉनिटरींग
- इवेन्ट रेकोर्डर और किंग ऑफ हार्ट लूप मॉनिटर
- टिल्ट टेबल टेस्ट/हेड अप टिल्ट टेस्ट
- सिग्नल एवरेजड इसीजी
- नोन7इन्वेसीव इपी स्टडी(एनआइआइपीएस)

### नॉन- इन्वेसीव कार्डियोलॉजी

- एन्जियोग्राफी
- एन्जियोप्लास्टी और स्टेन्ट्स (सिर्फ आंतरिक, एफडीए प्रमाणित स्टेन्ट्स ही प्रयोग करते है)
- बलून वाल्वयुलोप्लास्टी (सभी वाल्वस)
- बलून एन्जियोप्लास्टी (कोरोनरी, केरोटिड, रिनल, पैर)
- जन्मजात हृदय की बिमारी का इलाज
- हाइपरट्रोफिक कार्डियोमायोपथी (PTSMA)

### इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी प्रक्रियाए (हृदय की अनियमित धड़कन के लिये)

- इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी अभ्यास (इपीएस) कार्डियाक एरेथिमिया के निदान के लिए (परंपरागत और 3 -डी डायमेन्शनल मेपिंग सिस्टम)
- काम्लेक्ष कार्डियाक ऐरेथिमिया का ऐरेथिमिया का रेडियोफ्रिकवन्सी एब्लेशनस (आरएफओ)
- पेसमेकर इम्लान्टेशन
- हार्ट फेल्योर के लिए बायवेन्ट्रीक्यूलर पेसींग (कार्डियाक रिसिन्क्रोनाइझेशन थेरोपी)
- ओटोमेटिक इम्प्लान्टेशन कार्डियोवर्टर डिफिब्रिलेटर (एआइसीडी) इम्लान्टेशन
- कोम्प्रिहेन्सिव डिवाइस फोलोअप क्लिनिक (पेसमेकर, सीआरटी, एआइसीडी)




CIMS®
Care Institute of Medical Sciences
At CIMS... We Care

**सीम्स अस्पताल**

शुकन मॉल के पास, ऑफ सायन्स सिटी रोड, सोला
अहमदाबाद - 380060

एपोइन्टमेन्ट के लिये फोन : **+ 91-79-3010 1200, 3010 1008**
(मो) **+91-98250 66661** ईमेल : opd.rec@cimshospital.org
फोन : +91-79-2771 2771-75 (5 नंबर्स)
फेक्स : +91-79-2771 2770
ईमेल : info@cims.me वेब : www.cims.me

**एम्बयुलन्स और आपातकालीन सेवायें : 91-98244 50000, 97234 50000, 90990 11234**

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं संपादक मनीष गहलोत के लिए
मुद्रक यशवंत भण्डारी द्वारा भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर 7,
जोधपुर से मुद्रित एवं माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर से प्रकाशित।
फोन : 9414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR



log on : www.malisainisandesh.com; www.malisaini.org